राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(43)RSMSSB/अर्थना/चि.स्वा.वि./पैरा.मेडि./2016/159 दिनांक : 22.05.2017

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं विभाग के लिये राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधीनस्थ सेवा नियम, 1965 यथा संशोधित तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत गैर–अनुसूचित क्षेत्र एवं अनुसूचित क्षेत्र के लिये पैरा मेडिकल संवर्ग के सहायक रेडियोग्राफर, लैब टेक्नीशियन एवं डेन्टल टेक्नीशियन के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति संख्या 10/2016 दिनांक 10.10.2016 को जारी की गई थी जिसके ऑनलाईन आवेदन दिनांक 15.12.2016 तक आमंत्रित किये गये थे। पैरामेडिकल संवर्ग के विभिन्न पदों पर भर्ती –2016 में सहायक रेडियोग्राफर, लैब टेक्नीशियन एवं डेन्टल टेक्नीशियन के पदों पर अभ्यर्थियों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदन के अनुसार अभ्यर्थियों की पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता की जॉंच मूल दस्तावेजों से की जानी है। इन अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन पत्र भी लिया जाना है, जिसका प्रारूप बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध है। अतः पैरा मेडिकल संवर्ग के विभिन्न पदों पर भर्ती –2016 के संबंध में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे संलग्न सूची में अपने आवेदन क्रमांक के सामने अंकित दिनांक को प्रातः 10.00 बजे **राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर के कार्यालय में** पात्रता की जांच एवं मूल दस्तावेजों से सत्यापन हेतु विस्तृत आवेदन एवं मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित होवें। (अभ्यर्थियों के आवेदन क्रमांक की सूची मय दिनांक संलग्न है)।

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पैरामेडिकल संवर्ग के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति संख्या 10/2016 दिनांक 10.10.2016 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता, अनुभव, राजस्थान पैरामेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र, आयु, जाति, आचरण, विशेष श्रेणी यथा विशेष योग्यजन, भूतपूर्व सैनिक, विवाह पंजीयन, उत्कृष्ट खिलाडी, मूल निवास, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
3. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करें।
4. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(डॉ. नन्द सिंह नरूका)
अध्यक्ष

पैरामेडिकल संवर्ग के सहायक रेडियोग्राफर, लैब टेक्निशियन एवं डेन्टल टेक्निशियन के पदो पर भर्ती हेतु पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु

कार्यक्रम

पैरामेडिकल संवर्ग के सहायक रेडियोग्राफर, लैब टेक्निशियन एवं डेन्टल टेक्निशियन के पदो पर भर्ती–2016 में आवेदको की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन के लिए राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड कार्यालय में उनके आवेदन क्रमांक समूह के आगे अंकित तिथि को प्रातः 10:00 बजे आवश्यक रूप से मय मूल दस्तावेज एवं विस्तृत आवेदन के साथ उपस्थित होना है। आवेदन पत्र क्रमांक समूह एवं दिनांक का विवरण निम्नानुसार हैं :–

Group No.	Application ID	TO	Application ID	Date
1	201600871920	-	201600872422	29-05-2017
2	201600872423	-	201600872634	30-05-2017
3	201600872637	-	201600873050	31-05-2017
4	201600873055	-	201600873336	01-06-2017
5	201600873338	-	201600873708	02-06-2017
6	201600873709	-	201600874111	05-06-2017
7	201600874112	-	201600874433	06-06-2017
8	201600874434	-	201600874654	07-06-2017
9	201600874657	-	201600874952	08-06-2017
10	201600874955	-	201600875231	09-06-2017
11	201600875233	-	201600875513	12-06-2017
12	201600875515	-	201600875765	13-06-2017
13	201600875766	-	201600875978	14-06-2017
14	201600875981	-	201600876125	15-06-2017
15	201600876126	-	201600876343	16-06-2017
16	201600876344	-	201600876507	19-06-2017
17	201600876511	-	201600876761	20-06-2017
18	201600876766	-	201600876969	21-06-2017
19	201600876974	-	201600877056	22-06-2017
20	वे अभ्यर्थी जिन्हे माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार केवल ऑफलाईन प्रार्थना पत्र दाखिल करने के कारण प्रार्थना पत्र क्रमांक प्राप्त नही हुआ है।			**22-06-2017**